**प्रकीर्ण संख्या-138/2021 (MACP-125/2021)**
**संतोष एवं अन्य बनाम धर्मेन्द्र**

**दिनांकः03.08.2021**

आज यह प्रकीर्ण पत्रावली प्रस्तुत हुई। याचीगण संतोष एवं श्रीमती संगीता के अधिवक्ता उपस्थित है।

याचीगण की ओर से प्रार्थना पत्र 3B इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि उपरोक्त याचिका न्यायालय द्वारा उभय पक्ष के मध्य राजीनामा के आधार पर ₹4,80,000 प्रतिकर हेतु स्वीकार की गयी थी जिसमें से याचीगण को ₹1,00,000-₹1,00,000 नकद प्रदान किये गये थे एवं शेष धनराशि की FDR संख्या-367100M500000946 अंकन ₹1,81,124 संतोष बरार के नाम से एवं FDR संख्या-367100M500000955 अंकन ₹1,81,124 श्रीमती संगीता के नाम से पंजाब नैशनल बैंक, झोकनबाग, झांसी में बनवाई गयीं थीं। याचीगण को अपना कर्ज अदा करने हेतु धनराशि की सख्त आवश्यकता है। अतः उपरोक्त जमा राशि में से याचीगण को ₹75,000-75,000 का भुगतान परिपक्वता अवधि के पूर्व करा दिया जाये। अपने कथनों के समर्थन में याचीगण की ओर से स्वंय के शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं उपरोक्त FDR की छाया प्रतियाँ दाखिल की गयीं।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थना पत्र में वर्णित कथनों की पुष्टि आवेदकगण के शपथ पत्र से होती है। ऐसी स्थिति में आवेदकगण का उक्त आवेदन पत्र कुछ शर्तो के अधीन स्वीकार किये जाने योग्य है

**आदेश**

आवेदकगण/याचीगण की ओर से प्रस्तुत आवेदन पत्र 3B स्वीकार किया जाता है। शाखा प्रबन्धक पंजाब नैशनल बैंक, शाखा-झोकनबाग, झांसी को आदेशित किया जाता है कि **MACP-125/2021** के प्रकरण में आवेदकगण/याचीगण संतोष बरार एवं श्रीमती संगीता के नाम से बनवाई गयी उपरोक्त FDR संख्या-367100M500000946 अंकन ₹1,81,124 एवं FDR संख्या-367100M 500000955 अंकन ₹1,81,124 में से 50-50% धनराशि उनकी परिपक्वता अवधि के पूर्व याची संतोष बरार के खाता संख्या-92352010011348 सिण्डीकेट बैंक अब कैनरा बैंक, झांसी में तथा याची श्रीमती संगीता के बैंक खाता संख्या-3169001700202175 IFC-PUNB0316900 पंजाब नैशनल बैंक, शाखा-सकरार, झांसी में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। शेष धनराशि 50-50% की याचीगण के नाम से FDR पुनः तीन वर्ष की अवधि के लिए बनवाई जाये। तदनुसार अवगत हों।

**(चंद्रोदय कुमार)**
पीठासीन अधिकारी
मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावा न्यायाधिकरण,
झांसी

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2021.08.06 17:45:37 IST
Reason: PO
Location: MACT JHANSI